# उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण)

**कार्यालय : अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ०प्र० जल निगम(ग्रामीण),**

**निकट टोल प्लाजा, मड़वानगर, बस्ती-272002**

**ई-मेल: eeupjnruralbasti@gmail.com**

**पत्रांक** **464 / W-28 / 14** **दिनांक - 04 / 07 / 2026**

**सेवा में,**

अधिशासी निदेशक
राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन,
लखनऊ,

**विषय - दिनांक 03/07/2026 को ई-पेपर हिंदुस्तान में " जल जीवन मिशन : जगह नहीं मिलने से आठ गाँव में नहीं बने वाटर टैंक" शीर्षक से प्रकाशित नकारात्मक खबर के निस्तारण के सम्बन्ध में ।**

**महोदय,**

उपरोक्त विषयक दिनांक 03/07/2026 को ई -पेपर हिंदुस्तान में " जल जीवन मिशन : जगह नहीं मिलने से आठ गाँव में नहीं बने वाटर टैंक" शीर्षक से प्रकाशित नकारात्मक खबर के सम्बन्ध में आख्या निम्नानुसार है-

1. संदर्भित 8 स्थलों के सापेक्ष 2 स्थलों क्रमशः 1. रजौली एवं 2. रिधौरा में नलकूप का कार्य पूर्ण है परन्तु वर्तमान में भूमि विवाद का प्रकरण माननीय न्यायालय में विचाराधीन है। दूसरी भूमि हेतु प्रयास किये जा रहे हैं ।

2. भूमि अनुपलब्धता के कारण गोविंदपारा को फेरसन पेयजल योजना में मर्ज कर दिया गया है, वर्तमान में फेरसन पेयजल योजना पर लगभग 60% कार्य पूर्ण है, शेष कार्य प्रगति पर है ।

3. कृष्ण भगौती पे०यो० का निर्माण कार्य 80% पूर्ण है, सोलर अधिष्ठापन हेतु योजना परिसर में लगे वृक्षों को काटने हेतु नियमानुसार वन विभाग से NOC प्राप्त करने का कार्य प्रक्रियाधीन है ।

4. जखनी पे०यो० अंतर्गत नलकूप का कार्य पूर्ण है, वितरण प्रणाली का कार्य लगभग 90% पूर्ण है। इसी प्रकार कंगाई बुजुर्ग में भी वितरण प्रणाली का कार्य लगभग 55% पूर्ण है, परन्तु दोनों ही पेयजल योजना परिसर की चौहद्दी से लगे किसानों द्वारा पुनः सीमांकन की मांग की जा रही है जिस कारणवश वर्तमान में कार्य बाधित है। सीमांकन के पश्चात् कार्य पुनः प्रारम्भ करा दिया जायेगा ।

5. मड़वा नगर पेयजल योजना पर 40% कार्य पूर्ण है, द्वितीय नलकूप हेतु भूमि उप्लब्ध नहीं है। भूमि हेतु प्रयास किए जा रहे हैं ।

सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

**भवदीय**

**(एस [illegible])**
**अधिशासी अभियन्ता**

**पृ०सं० तथा दिनांक तदैव:-**
**प्रतिलिपि:- निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित-**

1) मुख्य अभियन्ता(ग्रामीण), उ०प्र० जल निगम(ग्रामीण), लखनऊ।
2) मुख्य अभियन्ता(गो०क्षे०), उ०प्र० जल निगम(ग्रामीण), गोरखपुर।
3) अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ०प्र० जल निगम(ग्रामीण), बस्ती।

**अधिशासी अभियन्ता**